# शहर में गूंजे ढोल नगाड़े, गणपति प्रतिमाओं का धूमधाम से हुआ विसर्जन

## विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखों से छलके आंसू

**अजमेर,** (कासं)। शहर में पिछले दस दिनों से चल रहा गणेश महोत्सव मंगलवार को अनंत चतुर्दशी पर गणपति की विदाई के साथ थम गया। शहर में सुबह से विसर्जन यात्राएं शुरू हुई जो देर शाम तक चलती रही। नगर निगम की ओर से आजाद पार्क में गणपति विसर्जन की व्यवस्था की गई। ढोल की थाप पर गुलाल उड़ाते हुए पूरे दिन भक्त विसर्जन के लिए पहुंचते रहे, देवा ओ देवा गणपति देवा...गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना के जायकारे लगा रहे थे। अनेक परिवारों ने मिट्टी के गणेश स्थापित किए थे, जिन्हें घर में ही विसर्जित किया। शहर के बाजारों और कॉलोनियों में स्थापित की गई प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए धूमधाम से ले जाया गया।



शहर में पिछले दस दिनों से चल रहा गणेश महोत्सव मंगलवार को अनंत चतुर्दशी पर गणपति की विदाई के साथ थम गया।

**विसर्जन से पहले की पूजा अर्चना:** भगवान गणपति की प्रतिमाओं को विसर्जन से पूर्व महिला, युवतियों सहित श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर पहले अपनी मनोकामना भी बप्पा के कान में कही, इसके बाद विसर्जन किया। श्रद्धालु पंडालों में पूजा-अर्चना के बाद कार, ठेले, स्कूटर, मोटर साइकिल पर तो किसी की गोद में विराजमान गौरीपुत्र गणेश की विसर्जन यात्रा निकली। इस बीच ढोल, नगाड़ों और तेज म्यूजिक की आवाज सुनाई देती रही। आजाद पार्क, खानपुरा व आसपास के क्षेत्रों में मेले जैसा माहौल नजर आया। अनंत चतुर्दशी पर वार्ड 62 के पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने वार्ड की गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था सुबह 9 बजे शाम 4 बजे तक नंदेश्वर महादेव मंदिर भोंपो का बाड़ा पर अस्थायी कुंड बनाकर की, जहां सेंकड़ों गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पार्षद तुनवाल ने बताया कुंड में विसर्जन के पश्चात उस स्थान पर पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया।

**नमन आंखों से विदाई:-** भगवान गणेश का दस दिन तक पूजन करने वाले कई लोगों की आंखें विसर्जन के दौरान छलक पड़ी। छोटे बच्चे, युवतियां और महिलाएं भावुक नजर आई। उन्होंने गणपति प्रतिमाओं के समक्ष हाथ जोडकर विदाई दी। शास्त्री नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के प्रवक्ता डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में विराजमान किए गए गजानन महाराज का मंगलवार को सुबह आरती पूजा करके सुबह दस बजे आजाद पार्क में विसर्जन कर बिदाई दी। इस अवसर पर राजेश दाधीच, संजय मंगल, अजय गोयल, दिनेश सोनी, आशीष भटनागर, अमरीश वैष्णव, संजीव चतुर्वेदी, के एल रमाणी, राजेन्द्र गंगल, पंकज शर्मा, रमेश यादव, महिला मंडल की सदस्य मौजूद रहे। आदर्श नगर, रामगंज, केसरगंज, वैशाली नगर, माकड़वाली रोड, शास्त्री नगर, नाका मदार, पंचशील, फायसागर रोड, कोटड़ा, गुलाबबाड़ी, धौलाभाटा और अन्य इलाकों में लोगों का सैलाब उमड़ता रहा।

**यातायात में बदलाव व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:-** गणपति विसर्जन के दौरान शहर में वाहनों की रेल-पेल रही। आजाद पार्क, सूचना केंद्र, अजमेर क्लब चौराहा, आगरा गेट, गांधी भवन चौराहा, कचहरी रोड, जयपुर रोड पर ज्यादा ट्रेफिक रहा। कई लोगों ने हाथी भाटा, सुंदर विलास और अन्य अंदरुदनी गलियों-रास्तों का सहारा लिया। यातायात पुलिसकर्मी ट्रेफिक को व्यवस्थित करने के लिए जूझते नजर आए। बार-बार सडकों पर जाम लगे।

## पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**मांडलगढ़,** (निसं)। उदयपुर डेवलपमेंट सिंडिकेट प्राइवेट लिमिटेड गोलचा ग्रुप ओर नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका क्षेत्र में सघन पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। जिसने नगर के प्रमुख मार्ग,प्राचीन किले पर पौधरोपण कर गोलछा ग्रुप ने सुरक्षा की जिम्मेदारी ली हैं।

मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने स्टैच्यू सर्किल से डाकबंगला सड़क मार्ग के डिवाइडर में पौधरोपण कर शुरुआत की।इस मौके पर विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि अधिक से अधिक पौधरोपण करने में आमजन आगे आएं और पर्यावरण को शुद्ध करने में भागीदारी निभाएं। गोलछा ग्रुप ने मांडलगढ़ में सघन पौधरोपण कर विकसित करने का जिम्मा लिया हैं, जिससे आमजन को लाभ मिलेगा और गोलछा ग्रुप पूण्य का भगीदार रहेगा। नगर पालिका क्षेत्र में गोलछा ग्रुप ने विभिन्न प्रजाति के निःशुल्क पौधे ओर पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड नगर पालिका को उपलब्ध कराए है।

कार्यक्रम में यूएमडीएस मांडलगढ़ प्लांट मैनेजर घनश्याम आद्रा ने बताया कि मांडागढ़ नगर पालिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ट्री गार्ड व पौधे सभी मुख्य सड़क और किले क्षेत्र के लिए नगरपालिका को प्रदान किए गए।

## सार-समाचार

### वैष्णव समाज की गोष्टी में चर्चा



**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। वैष्णव सेवा समिति के तत्वाधान में खोड़ा गणेश मंदिर परिसर में आयोजित वैष्णव समाज की सामूहिक गोष्टी में समाज हितार्थ चर्चा की गई। संरक्षक ओम वैष्णव ने बताया कि महिला मंडल अध्यक्ष आशा वैष्णव के सानिध्य में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर छात्र-छात्राओं, समाजसेवी, भामाशाहो का सम्मान किया गया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने के अलावा सामाजिक उत्थान सहित शिक्षा को प्रथमिकता देने का आव्हान किया। समिति अध्यक्ष रूपनारायण वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### झांकिया आकर्षण का केंद्र रही

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। वुमनिया संस्था द्वारा गोपेश्वर महादेव मंदिर में कृष्ण जन्म महोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष रुचिका असावा ने बताया की महोत्सव में महिलाओ ने सुमधुर भजनो की बेहतरीन प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। सखी सहेली वेलफेयर संस्था, शिवाय ग्रुप, माहेश्वरी महिला मंडल ने भी भाग लिया। गिरिराज पर्वत को धारण किए हुए भगवान की मनमोहन झांकी व नन्दोत्स्व अंताक्षरी आकर्षण का केंद्र रही। छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया। नंद बाबा के रूप में अंजलि डागा, यशोदा मैया के रूप में बबीता संचेती, कृष्ण के रूप में मानविक लाखोटिया ने भाग लिया सचिव श्रद्धा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मिलन काबरा, अदिति राठी, नंदिनी भांगडिया, सीमा विजयवर्गीय, प्रेमलता शर्मा, रंजना बांगड़, आरती असावा, टीना भांगडिया, अनुराधा सेठिया, मीना बियानी, अंजलि डागा, सुरभी अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रही।

### गणेशोत्सव का समापन

**अजमेर,** (कासं)। पंचशीलनगर के सी व डी सेक्टर की ओर से आयोजित 11 दिवसीय गणेश उत्सव का गणेश विसर्जन के साथ समापन हुआ। क्षेत्रवासियों ने श्री गणेश जी को विशेष भोग धराया एवम वैदिक परंपरा से पूजा अर्चना की। पूर्वाह्न शुभवेला में ठाकुर जी की महा आरती के साथ विदा करते हुए सभी की आंखें नम हो गई। इस कार्यक्रम में आबाल वृद्ध ने बढ़ चढ़कर सेवा में भागीदारी निभाई।गणेशजी की धूमधाम से सवारी निकाली गई जहां सभी ने ढोल नगाड़े, नैवेद्य, पुष्प एवम माल्यार्पण कर प्रथम पूज्य को विदाई दी। कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र माथुर एवम श्याम भाटिया, अतुल गोयल, महेश जैनानी, नवीन, कमल मंगरोला सहित कालोनी के सभी महिला-पुरुषों ने सभी उत्सव दिवसों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। उत्सव के दौरान विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पारितोषिक दिए गए।

### 101 युनिट रक्त संग्रहित

**बिजयनगर,** (निसं)। ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर सोमवार को आम मुस्लिम समाज एवं मुस्लिम यूथ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

# भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन हुआ संपन्न

**अजमेर,** (कासं)। हाथी भाटा पावर हाउस स्थित बैडमिंटन हॉल में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम एवं जिला भारतीय मजदूर संघ अजमेर का अधिवेशन संपन्न हुआ।

राजेंद्र कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि 17 सितंबर 2024 को विश्वकर्मा जयंती के साथ-साथ जिला अधिवेशन श्री विनीत कुमार जैन जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ हुआ जिसमें जिले के अजमेर किशनगढ़ रूपनगढ़ पुष्कर पिसागंन नसीराबाद से विद्युत रोडवेज भवन निर्माण जलदाय एचएमटी आंगनवाड़ी रेलवे बैंक नरेगा के सभी यूनियनों के लगभग ढाई सौ कार्यकर्ता ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र डाबी अध्यक्ष प्रदेश भारतीय मजदूर संघ राजस्थान मुख्य अतिथि सत्यनारायण गर्ग, भोलानाथ आचार्य प्रदेश आंगनबाड़ी प्रभारी विनीत कुमार जैन अजमेर संभाग संगठन मंत्री रहे मुख्य वक्ता ने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के साथ-साथ 17 सितंबर को विश्वकर्मा दिवस के दिन भारतीय मजदूर संघ श्रम दिवस क्यों मानता के विषय में विस्तार बताया और बताया कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा राष्ट्रीय हित औद्योगिक और श्रमिकह हित की रीति नीति पर चलता है साथी हि विश्वकर्मा जयंती के विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारत सरकार के राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सांसद अजमेर ने कार्यक्रम में भाग लेकर सभी भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

## दादाबाड़ी में राष्ट्रीय क्षमापना व पूजा आयोजन आज

**अजमेर,** (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ दादाबाड़ी में बुधवार को दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा, सामूहिक क्षमापना का आयोजन होगा। खरतरगच्छ संघ के सुशील वेद ने बताया कि प्रतिवर्ष पर्यूषण पर्व के पश्चात् पूर्णिमा को दादाबाडी में दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा, सामूहिक क्षमायाचना पर्व आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात खरतरगच्छ परिवारों का स्वधर्मी वात्साल्य का आयोजन दादाबाडी में शतावधानी संगठन प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी महारासा के सानिध्य में होगा। इस अवसर तपस्वियों के साथ ही समाज की विभूतियों और बुजुर्गजन को सम्मानित किया जाएगा। पूजा दोपहर एक बजे से प्रारम्भ होगी और 5 बजे से स्वधर्मी वात्साल्य होगा।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय रहेगी पेन डाउन हड़ताल

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद नगर में राजस्थान पटवार संघ उप शाखा आसींद के समस्त सदस्यों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार बीएल सेन को

- राजस्थान पटवार संघ उप शाखा आसींद के सदस्यों ने तहसीलदार बीएल सेन को सौंपा ज्ञापन



राजस्थान पटवार संघ उप शाखा आसींद के समस्त सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सोंपा। राजस्थान पटवार संघ आसींद के अध्यक्ष महिपाल सिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया है वही ज्ञापन में बताया कि खरीफ की फसल 2081 की गिरदावरी राजस्थान खसरा गिरदावरी एप से ऑनलाइन की जानी है। उक्त एप में आवश्यक अपेक्षित संशोधन हेतु दिनांक 22 अगस्त को भू प्रबंधन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी । जिसमें निम्न बिंदुओं पर संशोधन की सहमति प्रदान की गई थी जिसके तहत प्रमुख बिंदुओं में लोकेशन बफर 50 मीटर के स्थान पर 350 मीटर किया जाना, लोकेशन डिसएबल का ऑप्शन पटवारी स्तर पर किया जाना, पटवारी द्वारा गिरदावरी सत्यापन करते समय लोकेशन मांगी।

## 'खिलाड़ी खेल की भावना से खेले'

**ब्यावर,** (निसं)। 68वीं राज्य स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को सभापति नगर परिषद नरेश कनोजिया के मुख्य आतिथ्य एवं अजय कुमार गुप्ता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में गणपत सिंह रावत प्रधान पंचायत समिति जवाजा, अध्यक्ष सरपंच संघ पंचायत समिति जवाजा महिपाल सिंह, मधु गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा मधु गुप्ता, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रायपुर किरण बाला,भामाशाह राम सहाय शर्मा, श्रवण सिंह रावत, शुभम चोपड़ा, राहुल शर्मा अशोक देवड़ा आदि विशिष्ठ अतिथि थे।मुख्य अतिथि कनौजिया ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आ ान करते हुए बताया कि शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है एवं राजस्थान के कोने-कोने से आये सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए अच्छा खेल खेलने पर जोर दिया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देग में बना लंगर

**अजमेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रारंभ होने वाले सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर द्वारा सेवा कार्य आयोजित मनाया। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में चादर प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पहली बार दरगाह स्थित देग में लंगर पकाया गया।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज़ दरगाह में सूफी रंग की चादर पेश की। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री अलका गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सोनी चादर लेकर दरगाह पहुंचे। दरगाह के खादिम सैयद अफशांन चिश्ती ने चादर पेश करवाई एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलामती की दुआ की। साथ ही चिश्ती ने भारत विश्व गुरु बने एवं पूरे विश्व में अमन चैन क़ायम करने हेतु आध्यात्मिक नेतृत्व करे। केंद्रीय मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि समाज के हरवर्ग के लिए पीएम मोदी और केंद्र सरकार काम कर रही है, ख्वाजा साहब से प्रधानमंत्री की लंबी आयु की प्रार्थना करने आए, सभी धर्म के लोग मिल जुल कर रहे। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा ख्वाजा साहब की दरगाह से हमेशा मोहब्बत भाईचारे और अमन का संदेश पूरे विश्व में जाता है, पीएम मोदी सर्वधर्म सद्भाव के साथ सभी के लिए काम कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि दरगाह में पहली बार किसी प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर बड़ी देग में लंगर सेवा के रूप में बनाया जा रहा है जो भारतीय माइनॉरिटी फाउंडेशन और चिश्ती फाउंडेशन द्वारा सेवा भेंट की जा रही है। इस अवसर पर चिश्ती फाउंडेशन के निदेशक हाजी सैयद सलमान चिश्ती, सैयद मेहराज चिश्ती, तेजपाल साहनी सहित भाजपा के नेता और कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## मजदूर संघ ने मनाया विश्वकर्मा जयंती दिवस

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भारतीय मजदूर संघ के तत्वाधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन पर्व पर पुष्पाजंली का कार्यक्रम आज दिनांक 17.09.2024 को किसान भवन कृषि उपज मण्डी भीलवाड़ा में आयोजित किया गया जिसमें भामस के जिलाध्यक्ष श्रीमती रजनी शक्तावत एवं जिलामंत्री हरीश सुवालका, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने अपना विषय रखते हुए विश्वकर्मा जी के इतिहास पर प्रकाश डाला। भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ श्रमिक नेता प्रभाष चौधरी एवं जुम्मा काठात ने भगवान विश्वकर्माजी को इस सृष्टि का पहला इन्जीनियर बताते हुए उनके त्याग एवं तपस्या के अनुकरणीय उदाहरण साझा किये तथा मजदूरो से उनके जीवन आदर्श को अपनाने का आ ान किया व आज से ही सभी मजदूरो को- भारतीय मजदूर संघ के साथ अधिक से अधिक जोडे।

# 'जैन विचार समाज की धरोहर, युवा आत्मसात करें'

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जैन समाज सिर्फ एक समाजभर नहीं बल्कि आदर्श विचार है, जो समाज की धरोहर है। युवा पीढ़ी जैन आदर्शों का आत्मसात करे तो सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है।

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को नसियां जी में जैन समाज के पर्यूषण पर्व के समापन कार्यक्रम में भाग लिया

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को नसियां जी में जैन समाज के पर्यूषण पर्व के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैन समाज के उच्च आदर्श एवं विचार समाज की धरोहर हैं। हमें अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए, जीवन के उच्च प्रतिमान स्थापित करने के लिए जैन विचारों को जीवन में अंगीकार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जैन संतों के विचार पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक हैं। समाज का प्रत्येक व्यक्ति इन विचारों से लाभान्वित हो सकता है। इन विचारों को अंगीकार कर सफलता की राह पर आगे बढ़ सकता है। जैन एक स्वावलंबी समाज है जिसने सदैव व्यापक हित में आमजन की सेवा के लिए कार्य किए।

इस अवसर पर जैन धर्मालयों के आगे से अतिक्रमण हटाने, जैन महिलाओं के अपहरण के बाद पुलिस को त्वरित गति से निर्देश देकर बचाव अभियान चलाने एवं आचार्य विद्यासागर पैनोरमा स्वीकृत कराने पर जैन समाज के प्रतिनिधयों ने देवानानी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन सिद्धकूट चैत्यालय मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/2024-25/389 दिनांक: 04/09/2024

**लोक सूचना**

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात- क्र.सं. 1- आवेदक का नाम- छीतरमल पुत्र लूणाराम हिस्सा पूर्ण जाति सरगरा निवासी सिलमगरो का मौहल्ला, मेडता सिटी, जिला नागौर खातेदार। ग्राम डूंगरखेडा खसरा नं. 101 292/99 क्षेत्रफल हैक्टेयर में 0.1619 हेक्टेयर 0.0324 हैक्टेयर इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है व तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 04/09/2024 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम घूघरा योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 20 क्षेत्रफल 190.22 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री दयालराम जाट पुत्र स्व. श्री धन्नाराम निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर की मृत्यु दिनांक 10-4-2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती सोनकी देवी पत्नि स्व. दयालराम जाट (2) लक्ष्मी देवी (3) मनीषा चौधरी (4) सरोज (5) रेखा भींचर पुत्रीगण स्व. दयालराम जाट (6) बलवीर भींचर पुत्र स्व. दयालराम जाट निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर द्वारा अपने सहहिस्सेदार बलवीर भींचर पुत्र स्व. दयालराम जाट निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर के पक्ष में निष्पादित हक त्याग पत्र दिनांक 14-12-23 के आधार पर नामान्तरण हेतु नामान्तर हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम घूघरा योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 27 क्षेत्रफल 200 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री दयालराम जाट पुत्र स्व. श्री धन्नाराम निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर की मृत्यु दिनांक 10-4-2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती सोनकी देवी पत्नि स्व. दयालराम जाट (2) लक्ष्मी देवी (3) मनीषा चौधरी (4) सरोज (5) रेखा भींचर पुत्रीगण स्व. दयालराम जाट (6) बलवीर भींचर पुत्र स्व. दयालराम जाट निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर द्वारा अपने सहहिस्सेदार बलवीर भींचर पुत्र स्व. दयालराम जाट निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर के पक्ष में निष्पादित हक त्याग पत्र दिनांक 14-12-23 के आधार पर नामान्तरण हेतु नामान्तर हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम घूघरा योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 32 क्षेत्रफल 142.91 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री दयालराम जाट पुत्र स्व. श्री धन्नाराम निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर की मृत्यु दिनांक 10-4-2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती सोनकी देवी पत्नि स्व. दयालराम जाट (2) लक्ष्मी देवी (3) मनीषा चौधरी (4) सरोज (5) रेखा भींचर पुत्रीगण स्व. दयालराम जाट (6) बलवीर भींचर पुत्र स्व. दयालराम जाट निवासी भींचरों की ढाणी बडू नागौर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती मनीषा चौधरी पुत्री स्व. दयालराम जाट पत्नि राकेश निवासी ग्राम कुराडा परबतसर के पक्ष में निष्पादित हक त्याग पत्र दिनांक 14-12-23 के आधार पर नामान्तरण हेतु नामान्तर हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की थोक तेलियान योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 925 क्षेत्रफल 172.50 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री नोरतमल प्रजापति पुत्र स्व. श्री रामचन्द निवासी 2537/1, मोती विहार कॉलोनी रामनगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 10-2-2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती शान्ति देवी पत्नि स्व. नोरतमल प्रजापति (2) सरला प्रजापति (3) सोनू प्रजापति पुत्रीगण स्व. नोरतमल प्रजापति (4) सुशील प्रजापति पुत्र स्व. नोरतमल प्रजापति द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री सुशील प्रजापति पुत्र स्व. नोरतमल प्रजापति निवासी 2537/1, मोती विहार कॉलोनी रामनगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित हक त्याग पत्र दिनांक 22-11-2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु नामान्तर हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह**

(Civil Procedure Code Appendlx H. Form No. 4)

न्यायालय माननीय सिविल जज व. खण्ड, अजमेर

भूमि अवाप्ति प्रकरण संख्या / 10/2007

राजस्थान आवासन मण्डल बनाम अनिल कुमार

मुकदमा सन् 201

बाबत

विरूद्ध श्री अनिल कुमार पुत्र श्री अमरचन्द अग्रवाल

स्थान साकिन – मदनगंज-किशनगढ़, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर

क्योंकि प्रार्थी

इसने अदालत नें दरख्वास्त पेश की है कि – नकल संलग्न है

लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 19.09.2024 माह

20 ब रोज को 10.00 बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर खिलापफत जाहित करो वरना दरख्वास्त मजकूर इकतरपफा सुनी व पफैसल की जायेगी।

बसब्त मेरे दस्तखत मुहर अदालत आज व तारीख 09.09.2024 माह

201 जारी किया गया।

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अजमेर

मुहर अदालत

राज.संवाद/सी/24/5295


# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित होगा भारत : दीया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय रोजगार उत्सव एवं विकास कार्य लोकार्पण समारोह में लिया भाग

**अजमेर,** (कासं)। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा स्वर्णिम कार्यकाल चल रहा है। उनके जन्मदिवस के अवसर पर से आरम्भ हुए स्वच्छता सेवा पखवाडे के अन्तर्गत 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा संगोष्ठियां व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। सेवा पखवाड़ा हर जिले, हर गांव तथा हर गली में मनाया जाएगा। हम सभी को सेवा पखवाड़ा निर्धारित गतिविधियों के साथ मनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ एवं मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन मंगलवार को अजमेर में हुआ। इस अवसर पर राज्य स्तर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वर्चुअली जुड़कर नव नियुक्त सरकारी कार्मिकों से संवाद किया तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने जवाहर रंगमंच में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर स्वच्छता सेवा पखवाड़े की शुरूआत की तथा मां वाउचर योजना के तहत महिलाओं को कार्ड प्रदान किए। इसके अतिरिक्त करोड़ो रूपए के विभिन्न विभागों के विकास कार्यों का शुभारम्भ भी किया गया।





उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने अजमेर जिले की मंजू, निकिता और पुनम को मां वाउचर कार्ड देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनके कठिन परिश्रम से नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने हम सभी को 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने में हम सब को भागीदार बनना है। आज वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है। विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर खुले हैं। महिलाओं को सुरक्षा मिली है तथा बालिकाओं का भविष्य उज्ज्वल हुआ है। मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। सनातन संस्कृति को संरक्षण मिला है। आज भारत डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अजमेर जिले की मंजू, निकिता और पुनम को मां वाउचर कार्ड देकर सम्मानित किया। मां वाउचर योजना में गर्भवती महिला को गर्भावस्था में एक सोनोग्राफी जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इससे गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकेगा।

- मां वाउचर योजना की हुई शुरूआत

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से रेल, हवाई यात्रा के साथ-साथ सड़क परिवहन भी सुरक्षित और सुदृढ़ हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के साथ ही पर्यावरण को भी विशेष महत्व दिया है। एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान चलाकर प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया है। हम सब सामूहिक रूप से पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेंगे। सेवा करने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी हर वर्ग, हर व्यक्ति के विकास को ध्यान में रखकर कार्य करते हैं।

सबको साथ लेकर चलने की भावना के साथ सबका विकास करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमें समाज के लिए कुछ करने का चिंतन करना चाहिए। समाज की सेवा करने से आत्मिक शांति मिलती है। समाज को सशक्त बनने से ही देश सशक्त बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी के चिरायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि अब भारत का नाम पूरे विश्व में सम्मान से लिया जाता है। मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएंगे।

## कार्यकारिणी का गठन किया

**मसूदा,** (निसं)। प्रदेश अध्यक्ष देवी सिंह रावत, महामंत्री कुंदन सिंह रावत व प्रदेश कोषाध्यक्ष नारायण सिंह रावत वरिष्ट महामंत्री प्रभु सिंह रावत प्रदेश संरक्षक ज्ञान सिंह रावत व मोहन सिंह नाला, प्रदेश संयोजक सरवन सिंह मदारपुरा इन सभी के द्वारा महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार करके नियुक्त किया गया। नवयुक मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह रावत जिसमें महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष 12 व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष 30 व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। प्रदेश मंत्री पर 27 व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। भगत सिंह ब्यावर, नर्सिंग ऑफीसर महावीर सिंह रामगढ़, प्रदेश संगठन मंत्री इसमें 43 व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। प्रचार प्रदेश प्रचार प्रचार मंत्री 47 व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। प्रदेश विधि सलाहकार समिति का गठन 4 व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। प्रदेश शिक्षा समिति जिसमें 5 व्यक्तियों का नियुक्त किया गया। महासभा की संपूर्ण सोशल मीडिया वर्किंग नेटवर्किंग कार्य करने वाली आईटी सेल के 9 व्यक्तियों को प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें विशेष भागीदारी राजेश सिंह रावत अजमेर, गोविंद सिंह रावत, मसूदा प्रेम सिंह गनाहेड़ा, प्रकाश सिंह बुबानी, देवी सिंह अमरगढ़ और विजय सिंह सालरमांला, सावर सिंह राजपुरा, जयसिंह सिंह दौलतपुरा, प्रदेश खेल प्रकट मंत्री आर्मी रिटायरमेंट मदन सिंह रावत एकेडमी को नियुक्त किया गया।